## COMMON PRE-BOARD EXAMINATION: 2025 -26

## Class-X Subject: HINDI-B(2ND LANG.) (085)

**Set-3** **Date: …./…/2025**

*Time Allowed :3Hours* <u>Marking-scheme</u> *M. Marks:80*

खंड -अ (वस्तु परक प्रश्न)

प्रश्न1अ . निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए - **1×5=5**

अपठित गद्यांश -1

क) व्यक्ति को कौन सी मूल प्रवृत्तियाँ भाती हैं

3 गुणों की प्रशंसा, सम्मान ,अनुपस्थिति में उसकी कमी महसूस करना |

ख) आत्म संतुष्ट व्यक्ति भी किस बात का भूखा होता है ?

3 प्रेम प्रोत्साहन व प्रशंसा का |

ग) कथन और कारण को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-

कथन: आत्म संतुष्ट व्यक्ति भी प्रेरणा प्रेम व प्रशंसा का भूखा होता है|

कारण: इन तीनों के न मिलने पर कई बार वह उदासीन होकर लक्ष्य से भटक जाता है |

विकल्प :

1) कथन सही है तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।

घ ) व्यक्ति आगे बढ़ने के लिए किस से प्रेरित होता है ? विचार करके लिखिए |

- लोग हमारे गुणों की प्रशंसा करें और हमारा आदर करें| हमसे प्रेम करें | हमारी अनुपस्थिति में हमारा अभाव महसूस करें और ऐसा लगे कि उनके जीवन में हम कुछ महत्व रखते हैं | इस प्रकार की प्रवृत्तियाँ मनुष्य के जीवन में आगे बढ़ने और कुछ ना कुछ करने के लिए निरंतर प्रेरित करती रहती हैं|

ङ ) जीवन में लोकप्रियता का दरवाज़ा किस प्रकार खुलता है ? स्पष्ट कीजिए |

जब हम दूसरों की भावनाओं को ठीक-ठाक समझते हैं ,उनकी कद्र करते हैं तो लोग हमें पसंद करते हैं | इसी से सामाजिक जीवन में व्यक्ति विशेष की लोकप्रियता का दरवाज़ा खुलता है | मन को संतोष मिलता है|

प्रश्न1ब . निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए | - अपठित गद्यांश -2 **1×5=5**

क ) जीवन को कुरुक्षेत्र कहने से लेखक का आशय है कि जीवन में -

2) निरंतर संघर्ष है |

ख) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढिए और कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन - भारत एक स्वाधीन देश है |

कारण -स्वाधीन देश में ही सच्चा अनुशासन संभव है |

1) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।*

ग ) प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार जीवन निर्माण का मूल-मंत्र क्या है?

2 अनुशासन

घ ) लक्ष्य की प्राप्ति में मानव की असफलता का प्रमुख कारण क्या है?

-यदि मानव अपने जीवन में कतिपय निश्चित नियमों का अनुसरण नहीं करता तो जीवन में किसी उच्च लक्ष्य या ध्येय की प्राप्ति नहीं कर सकता

ङ ) मानव के लिए प्रकृति को शिक्षिका क्यों कहा गया है?

- जिस प्रकार शिक्षिका शिष्य के भले के लिए कुछ नियम पालन करने को बाध्य करती है ठीक उसी प्रकार प्रकृति भी कुछ नियमों का पालन करने के लिए मानव को बाध्य कर देती है और पालन न करने पर दंड देती है |इसलिए उसे शिक्षिका कहा गया है

प्रश्न2.पदबंध पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 1x4=4

क)<u>विरोध करने वालों में से कुछ व्यक्ति</u> मेरे जानकार हैं |संज्ञा पदबंध|

ख) दहाड़ता चला जा रहा था |क्रिया पदबंध |

ग)<u>हमेशा दूसरों की भलाई करने वाले</u> परोपकारी होते हैं |संज्ञा पदबंध क्योंकि वाले पद का अभिप्राय कोई व्यक्ति है जो संज्ञा है|

घ) देश पर जान न्योछावर करने वाले | विशेषण पदबंध |

ङ)<u>पहले सत्र की अपेक्षा</u> दूसरे सत्र पाठ्यक्रम सरल नहीं है | क्रियाविशेषण पदबंध |

प्रश्न 3. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद ' पर आधारित निम्नलिखित पांच में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए|

1x4 =4

क) इस गंभीर मुद्दे पर उनकी राय आवश्यक थी | |( संयुक्त वाक्य में बदलिए)
यह एक गंभीर मुद्दा था इसलिए उनकी राय आवश्यक थी|

ख) कक्षा में फेल होने के बाद वह और भी दब्बू हो गया | ( वाक्य भेद बताइए) सरल वाक्य

ग)यद्यपि मैंने कड़ी मेहनत की फिर भी सफल नहीं हुआ |( संयुक्त वाक्य में बदलिए)

मैंने कड़ी मेहनत की परन्तु मैं सफल नहीं हुआ |

घ) जब तक कड़ी मेहनत नहीं करोगे तब तक प्रथम नहीं आ सकोगे |( सरल वाक्य में बदलिए)

कड़ी मेहनत से प्रथम आ सकते हो

ङ) वह मेहनती है अतः पराजय स्वीकार नहीं करता |( वाक्य भेद बताइए)संयुक्त वाक्य

प्रश्न4.समास पर आधारित निम्नलिखित पांच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए| 1x4 =4

क)'कापुरुष ' समस्त पद का विग्रह और समास का नाम लिखिए | कायर है जो पुरुष कर्मधारय समास

ख)' दहीबड़ा ' समस्त पद का विग्रह और समास भेद लिखिए | दही में डूबा हुआ बड़ा, तत्पुरुष (मध्यम पद लोपी )

ग) 'पुराण –पुरुष ' समस्त पद का विग्रह और समास का नाम लिखिए |पुराणों में वर्णित पुरुष अर्थात ईश्वर, बहुव्रीहि

घ)' नरसिंह ' समस्त पद का विग्रह कर समास भेद लिखिए| नर रूपी सिंह , कर्मधारय

ङ) अव्ययीभाव समास की परिभाषा लिखते हुए एक उदाहरण दीजिए |

जहाँ पहला पद अव्यय हो और संपूर्ण समस्त पद क्रियाविशेषण का काम करे वहां अव्ययीभाव समास होता है ,प्रतिदिन

प्रश्न5.मुहावरों पर आधारित निम्नलिखित पांच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए| 1x4 =4

क) मेरे दरजे में आओगे तो <u>दाँतों पसीना</u> आ जाएगा | उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए |

ख)पुलिस के लाठी चार्ज करते ही भीड़ <u>तितर बितर हो</u> गई | उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए |

ग)'प्रतीक्षा करना 'अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा लिखिए | बाट जोहना

घ)'पापड़ बेलना ' मुहावरे का अपने वाक्य में इस तरह प्रयोग कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए|

अच्छी नौकरी पाने के लिए <u>पापड़ बेलने</u> पड़ते हैं |

ङ) छोटे की लापरवाही देखकर बड़े भाई साहब ने उसे <u>आड़े हाथों-लिया</u> | उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए |

## खंड ग (पाठ्यपुस्तकीय प्रश्न )

प्रश्न 6 .निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उचित उत्तर छाँटकर लिखिए | 1x5=5

क) दैव ना करें , आज मैं बीमार हो जाऊँ तो तुम्हारे हाथ पाँव फूल जाएँगे | बड़े भाई ने छोटे भाई से ऐसा कहा क्योंकि -

3 छोटे भाई को दुनिया की समझ नहीं थी |

ख)पहले खुद मर्ज पहचान कर इलाज करेंगे उसमें सफल न हुए तो किसी डॉक्टर को बुलाएँगे | कथन के माध्यम ज्ञात होता है कि बड़े भाई साहब के दादा-

1 जिम्मेदार अनुभवी और बुद्धिमान थे |

ख) गद्यांश के आधार पर बड़े भाई साहब के व्यक्तित्व के बारे में क्या पता चलता है ?

1 वह अनुशासन प्रिय मेहनती और समझदार थे |   |

घ) लेकिन जितना आज हम और तुम खर्च कर रहे हैं उसके आधे में दादा ने अपनी उम्र का बड़ा भाग इज्जत और नेक नामी के साथ निभाया है | लेखक द्वारा ऐसा कहा जाना दर्शाता है -

1 जीवन संबंधी अनुभव एवं बुद्धि के महत्व को |

ङ) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए |

कथन : बड़े भाई और छोटे भाई को धोबी और नाई से मुँह छिपाने पड़ते थे |

कारण : घर से आए पैसे महीना पूरा होने से पहले ही खत्म हो जाते थे |

4 कथन और कारण दोनों सही है तथा कारण और कथन की सही व्याख्या करता है|

प्रश्न 7.निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उचित उत्तर छाँटकर लिखिए | 1x5=5

क) लड़के और चिड़ियाँ तोप का उपयोग अब खेलने के लिए करते हैं | इस कथन के माध्यम से कवि कहना चाहते हैं

2 शक्तिशाली के भी बुरे दिन आते हैं |

ख) 'एक दिन तो होना ही है उसका मुँह बंद' कथन का आशय है -

1 एक दिन अत्याचारी के अत्याचार का भी अंत होता है |

ग) छोटे लडकों की घुड़सवारी से अगर यह फारिग हो | से तात्पर्य है _

1 बच्चों की घुड़सवारी से फुर्सत मिलती है ,तो चिड़ियाँ बैठती हैं |

घ) यह पद्यांश हमें सीख देता है -

2कोई कितना भी शक्तिशाली हो परन्तु उसकी क्रूरता का अंत होता ही है |

1 निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए |
कथन : कंपनी बाग़ में रखी तोप आज प्रदर्शन की वास्तु मात्र बनकर रह गई है |
कारण : चाहे कोई कितना भी शक्तिशाली हो उसके अत्याचारों का अंत अवश्य होता है |
3 कथन सही है और कारण , कथन की सही व्याख्या करता है|

## खंड –ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

प्रश्न 8 .निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए | 2x3 =6

क) लगातार बढ़ती आबादी ने पर्यावरण को कई रूपों में प्रभावित किया है समुद्र को पीछे सरकाया ,पेड़ों को रस्ते से हटाया गया जिससे प्रदूषण बढ़ता गया ,अधिक वर्षा और बाढ़ का कहर टूटने लगे हैं |

ख) तताँरा और वामीरो की मृत्यु द्वीप के दो भागों में बँटने से और द्वीप के धँसने से हुई और उनकी मृत्यु से निकोबार में यह परिवर्तन आया कि लोगों की मृत्यु एक दूसरे गांवों में होने लगी|

ग) वास्तव में सत्य तो केवल वर्तमान है हमें उसी में जीना चाहिए अतीत को हम चाह कर भी लौटा नहीं सकते भविष्य को हमने देखा नहीं | आने वाला कल कैसा होगा कोई नहीं जानता अतः अतीत और भविष्य के बारे में सोचकर अपने आप को दुखी करने का कोई फायदा नहीं |वर्तमान जो सामने दिखाई दे रहा है उसी को सत्य मन कर उसका भरपूर आनंद उठाने में ही भलाई है|

घ) 'तीसरी कसम फिल्म में राज कपूर का महिमामय व्यक्तित्व पूरी तरह से हीरामन गाड़ीवान की आत्मा में उतर गया अभिप्राय यह है कि राज कपूर और हीरामन दोनों एकाकार हो गए राज कपूर ने अपने महिमामय व्यक्तित्व को समेट कर स्वयं को बिल्कुल देहाती बना दिया ,वह देहाती जो मोहब्बत भरे दिल की जुबान समझता और हीराबाई नाम की नौटंकी कलाकार पर रीझ गया है |

प्रश्न 9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए | 2x3 =6

क) मनुष्यता कविता समस्त मानव जाति में सद्‌गुणों की स्थापना करने का संदेश देती है विश्व को अपना बंधु मान कर सब के सुख दुख में भागीदार बनना चाहिए ,व्यक्ति स्वार्थ से ऊपर उठे और परमार्थ के लिए जीवन का उत्सर्ग कर दे | धन जैसी तुच्छ वस्तु का अभिमान त्याग कर मानव जाति के उद्धार में लग जाए | व्यक्ति को धर्म जाति संप्रदाय के संकीर्ण बंधनों से ऊपर उठकर उदार मनोवृति वाला होना चाहिए मनुष्य में सभी लोगों को अपना समझने की भावना होनी चाहिए|

ख) आत्मत्राण कविता में कवि ने यह प्रेरणा दी है कि निराशावादी ना होकर सदैव संघर्षशील होना चाहिए| ईश्वर में सदैव आस्था रहे भले ही सुख हो या दुख| सुख के दिनों में प्रायः लोग ईश्वर को भूल जाते हैं और कष्ट के समय उन पर दोषारोपण करते हैं कवि का मानना है कि मनुष्य को अपने आंतरिक बल और पौरुष पर विश्वास होना चाहिए, विपरीत स्थिति में संघर्ष करने के लिए अपना मनोबल बनाए रखना चाहिए, ईश्वर के सामर्थ्यवान होने पर संदेह नहीं करना चाहिए|

ग) पावस ऋतु में प्रकृति नित्य नूतन रूपों में हमारे सामने आती है कभी धूप निकल जाती है तो कभी घने बादल छा जाते हैं जब धूप निकलती है तो पर्वतों पर खिले फूल सुंदर दिखते हैं जब बादल आते हैं तो घना अंधकार छा जाता है और झरनों की ध्वनि बहुत मधुर लगती है आकाश में तेजी से इधर-उधर घूमते बदल अत्यंत आकर्षक लगते हैं

घ)संसार में सुखी व्यक्ति वह है जो केवल सांसारिक सुखों में डूबा रहता है और जिसके जीवन का उद्देश्य केवल खाना-पीना और सोना है इसकी विपरीत जो व्यक्ति संसार की नश्वरता को देखकर रोता रहता है वह दुखी है |सोना अज्ञान में पड़े रहने का और जागना ज्ञान प्राप्त करने की दशा के प्रतीक है|

प्रश्न 10 -निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लगभग **50-60** शब्दों में दीजिए | **3x2=6**

क) सपनों के से दिन पाठ शिक्षा के मूल्य जीवन में खेल की महत्व अनुशासन तथा अमूल्य बचपन की शरारत से संबंधित दस्तावेज हमारे समक्ष प्रस्तुत करता है पाठ शिक्षा के महत्व से अनभिज्ञ लोगों को शिक्षा के महत्व का पाठ पढ़ाता है वहीं दूसरी ओर जीवन में खेलों के महत्व को भी प्रतिपादित करता है

ख) हां हम इसे पूर्णता सहमत हैं टोपी शुक्ला पाठ में टोपी और इरफान की दादी अलग-अलग जाति और मजहब के थे मगर दोनों अटूट रिश्ते से बंधी थी प्यार का बंधन किसी जाति और धर्म को नहीं मानता दोनों के मज़हब और जाति अलग थी फिर भी दोनों में अटूट रिश्ता था हमारे विचार से यह संबंध उचित था धर्म जाति हृदय के बंधन में कोई रुकावट नहीं है संबंध मानवीय आधार पर होते हैं सांप्रदायिक आधार पर नहीं हमारा मानना है कि यह पाठ समाज में सद्भावना को बढ़ाता है |

ग) रिश्तों की गर्मी धूमिल हो सकती है लेकिन मिटती नहीं यह बात बिलकुल सही है क्योंकि भाइयों द्वारा प्रताड़ित किए जाने के बावजूद भी हरिहर काका उनसे अलग नहीं हुए उन्होंने आहत होने बाद भी अपनी जमीन भाइयों को ही देना उचित समझा परन्तु जीते जी नहीं मरणोंपरांत |

प्रश्न 11 -निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 80-100शब्दों में अनुच्छेद लिखिए|5x1=5

भूमिका -1 अंक भाषा -1 अंक, विषयवस्तु -3 अंक

-

प्रश्न 12 - पत्र- प्रारूप-1 अंक , भाषा -1 अंक, विषयवस्तु -3 अंक **5x1=5**

प्रश्न 13 विज्ञापन - भाषा -1 अंक , प्रस्तुति-1 अंक, विषयवस्तु -1 अंक,| 3x1=3

प्रश्न 14 सूचना - प्रारूप -1 अंक ,भाषा -1 अंक ,विषयवस्तु -2 अंक | 4x1=4

प्रश्न 15 औपचारिकताएँ- 1 अंक, भाषा-1 अंक, विषयवस्तु 2 अंक, प्रस्तुति 1 अंक, | 5x1=5

अथवा

प्रारूप-1 अंक , भाषा -1 अंक, विषयवस्तु -3 अंक |